(vii) Need to ensure smooth functioning of telephones in

Jalaun Parliamentary Constituency, U.P. :

श्री बृजलाल खाबरी (जालौन) : महोद्य, मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन गरोठा (उ.प्र.) में दूरसंचार की व्यवस्था ठीक न होने के कारण टैलीफोन उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही एम.एस.आर.आर. योजना के अंतर्गत जितने भी टैलीफोन उस क्षेत्र में लगे हुए हैं, वे भी अक्सर खराब रहते हैं जिनके कारण दूरसंचार व्यवस्था ध्वस्त हो गई है और लोगों को एक-दूसरे से सम्पर्क करने में दिक्कत आ रही है और वे टैलीफोन सुविधा से वंचित रह रहे हैं।

अत: मैं आपके माध्यम से माननीय संचार मंत्री महोद्य से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र की दूरसंचार व्यवस्था को ठीक करने के लिए क्षेत्र के टैलीफोन विभाग के अधिकारियों को आदेश पारित करने का कट करें।